सार-समाचार

जिला परिषद के 31 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित

भरतपुर (निसं)। पंचायतीराज आम चुनाव के तहत जिला परिषद सदस्य एवं पंचायत समिति सदस्य पद के मतों की गणना शुक्रवार को मास्टर आदित्येन्द्र राउमावि परिसर में सम्पन्न हुई। जिला परिषद के कुल 31 वार्डों में से कांग्रेस के 21, भारतीय जनता पार्टी के 09 तथा राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के 01 प्रत्याशी ने विजय प्राप्त की। जिला परिषद चुनाव मतगणना में भाजपा के अनेक दिग्गज नेता एवं उनके परिजनों को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जिला प्रमुख पद की दावेदारी के लिए चुनाव लड़ने वाले भाजपा के पूर्व विधायकों एवं अन्य दिग्गजों के परिजनों को करना बड़ा पराजय का सामना। भाजपा के पूर्व विधायक बच्चू बंशीवाल, ग्यारसा राम कोली के जिला प्रमुख के दावेदार परिजन महिलाओं को मिली पराजय। आगरा यूपी क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे गुठ्यारी दुबेश की रिश्तेदार जिला प्रमुख की दावेदार मुनेश गुटयारी दुबेश को भी मिली पराजय। मुनेश गुठ्यारी दुबेश का अन्य स्टेट से राजस्थान मे आकर चुनाव लड़ने पर पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने भी वोट को लेकर उग्रए थे सवालिया निशान। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि जिला परिषद के सभी 31 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। घोषित परिणामों के अनुसार विजयी प्रत्याशियों का वार्डवार विवरण निम्नानुसार है। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 1 से संगीता भाजपा, वार्ड संख्या 2 से राधा भाजपा, वार्ड संख्या 3 से राजेश कांग्रेस, वार्ड संख्या 4 से अरविंद कुमार कांग्रेस, वार्ड संख्या 5 से सत्यवीरी भाजपा, वार्ड संख्या 6 से मिथिलेश भाजपा, वार्ड संख्या 7 से चेतन कांग्रेस, वार्ड संख्या 8 से हरिसिंह कांग्रेस, वार्ड संख्या 9 से हरबीर सिंह कांग्रेस, वार्ड संख्या 10 से हीराचंद कांग्रेस, वार्ड संख्या 11 से सावित्री देवी कांग्रेस, वार्ड संख्या 12 से अशोक कांग्रेस, वार्ड संख्या 13 से पूजा कुमारी भाजपा, वार्ड संख्या 14 से सपना कुमारी कांग्रेस, वार्ड संख्या 15 से प्रमोद कुमार कांग्रेस विजयी घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार वार्ड संख्या 16 से अतर सिंह कांग्रेस, वार्ड संख्या 17 से मीरा देवी भाजपा, वार्ड संख्या 18 से रानुवाला कांग्रेस, वार्ड संख्या 19 से सरोज कांग्रेस, वार्ड संख्या 20 से हरप्यारी कांग्रेस, वार्ड संख्या 21 से राजेश कांग्रेस, वार्ड संख्या 22 से अंजू कुमारी कांग्रेस, वार्ड संख्या 23 से मानसिंह भाजपा, वार्ड संख्या 24 से सुमन गुर्जर कांग्रेस, वार्ड संख्या 25 से दिनेश भातरा भाजपा, वार्ड संख्या 26 से रेनु कुमारी आरएलपी, वार्ड संख्या 27 से रेखा कुमारी कांग्रेस, वार्ड संख्या 28 से ओमवती कांग्रेस, वार्ड संख्या 29 से सावित्री कांग्रेस, वार्ड संख्या 30 से रघुवीर सिंह भाजपा, वार्ड संख्या 31 से बोदन सिंह कांग्रेस को विजयी घोषित हुए। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन, चुनाव कार्मिकों एवं आमजन का आभार व्यक्त किया।

कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

पावटा। कस्बे के बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर परिसर में आयोजक केशवानंद आशीष गर्ग व संयोजक बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर कमेटी के सौजन्य में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का श्रवण किया। वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक अभिषेक पाठक महाराज ने गोपी गीत और युगल गीत के माध्यम से गोपियों के विरह और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनके अटूट प्रेम का वर्णन किया। इसके बाद अक्रूर जी के गोकुल आगमन और भगवान श्रीकृष्ण एवं बलराम जी को मथुरा ले जाने का प्रसंग सुनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा आगमन, कंसवध और उसके अत्याचारों के अंत की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा में भ्रमर गीत प्रसंग, उद्धव जी के ब्रज गमन और गोपियों के साथ उनके संवाद का भी वर्णन किया गया। इसके साथ ही जरासंध वध की कथा सुनाई गई। कथा के अंतिम चरण में विदर्भराज की पुत्री रुक्मिणीजी के प्रेम, भक्ति और समर्पण का प्रसंग सुनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणीजी के विवाह महोत्सव की कथा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे व कथा पंडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।

सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन उत्साह से संपन्न

राजगढ़। सैनी समाज सामूहिक विवाह उत्थान समिति की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन कस्बे के गंगा बाग परिसर में उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान विद्वान पंडितों की मौजूदगी में 32 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार मंत्रो के साथ आयोजित हुआ। नव विवाहित 32 जोड़ों को नगर पालिका अध्यक्ष रेखा सैनी एवं अन्य प्रमाण पत्र एवं भगवान का चित्र देकर विदाई दी। इससे पूर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर देव उठनी एकादशी 20 नवंबर को 32 दुल्हो की सामूहिक शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ निकली। शोभा यात्रा के दौरान आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा से प्रमुख लोगों ने स्वागत किया। सामूहिक शोभा यात्रा देवी जी मंदिर के समीप श्री जी मैरिज गार्डन से विवाह स्थल गंगा बाग को रवाना हुई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष खेमचंद सैनी के नेतृत्व में उत्साह एवं उल्लास से शोभा यात्रा को रवाना किया। शोभा यात्रा कस्बे के चौपड़ बाजार गोल मार्केट रेलवे स्टेशन मार्ग गंगा बाग चौराया होती विवाह स्थल गंगा बाग पहुंची। शोभायात्रा को देखने भारी संख्या में महिला पुरुषों का सैलाब उमड़ा। सामूहिक पाणिग्रहण संस्कार, तोरण प्रमुख आकर्षण रहा। इस दौरान समिति की ओर से टीवी,, वाशिंग मशीन,अलमारी सहित अन्य दान दहेज का सामान जोड़ों को दिया गया।

निरीक्षण में किशनगढ़ बास जेल के कैमरे बंद मिले, सही करवाने के सख्त आदेश

किशनगढ़ बास। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अजीत कुड़ी शुक्रवार को औचक निरीक्षण पर उपकारागृह किशनगढ़बास पहुंचे, तो वहा देखा रसोईघर में सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े थे, मेनू चार्ट कहीं नहीं था, बैरकों के बाहर गंदे पानी की नालियां भरी थीं और बिजली के तार खुले लटके थे। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं से सम्बंधित व्यवस्थाओं में लापरवाही नहीं बरती जाए तथा निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों को प्राथमिकता से दूर किया जाए। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल-तिजारा के अध्यक्ष तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अजीत कुड़ी उपकारागृह किशनगढ़बास का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे।

निरीक्षण के दौरान सचिव अजीत कुड़ी ने उपकारागृह की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए रसोईघर, लीगल एड क्लीनिक, बंदियों के बैरक, प्रीजन हेल्प डेस्क, जेल परिसर की साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं और जेल परिसर में स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति का भी अवलोकन किया। रसोईघर में पहुंचते ही सबसे पहले बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों पर नजर पड़ी। सचिव ने रसोईघर में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को शीघ्र चालू करवाने, रसोईघर में व्हाइट वॉश करवाने तथा विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की जानकारी के लिए रसोईघर के बाहर मेनू चार्ट लगाने के निर्देश दिए, ताकि भोजन व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने बैरकों के बाहर बनी गंदे पानी की नालियों की निकासी सुचारू करवाने, विद्युत बोर्ड के खुले तारों को व्यवस्थित एवं सुरक्षित करने तथा बैरकों के आसपास के परिसर में नियमित साफ-सफाई रखने की हिदायत दी। इसके अलावा जेल परिसर के अंदर एवं बाहर स्थित बंदियों के शौचालयों की नियमित सफाई करवाने के निर्देश दिये ताकि स्वच्छता व्यवस्था बनी रहे।



बैरकों में गंदे पानी की नालियां भरी और बिजली के खुले लटके तार।

- निरीक्षण में रसोई के बाहर नहीं था मेनू, बैरकों के बाहर गंदे पानी की नालियां, खुले पड़े बिजली के तार, शौचालयों में गंदगी देखकर सख्त निर्देश दिए

चोरी के शक में युवक की ग्रामीणों ने की पिटाई, जिला अस्पताल में भर्ती

अलवर। जिले के मालाखेड़ा थाना क्षेत्र में चोरी के शक में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

- युवक की हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे अलवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया

घटना अहीर तिबारा के पास की बताई जा रही है। यहां खारेड़ा निवासी अरसद के साथ ग्रामीणों ने मारपीट कर दी। ग्रामीणों को शक था कि युवक केबल चोरी कर रहा था। इसी आरोप के आधार पर उसकी पिटाई कर दी गई, जिससे वह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए मालाखेड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे अलवर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार जारी है। मामले को लेकर मालाखेड़ा थाना प्रभारी किरण यादव से बातचीत की गई।

श्री श्याम जन्मोत्सव पर पावटा में निकली भव्य शाही यात्रा

पावटा। श्री श्याम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कस्बे में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर श्री श्याम अरदास परिवार की ओर से पावटा कस्बे के हनुमान मंदिर से बाबा श्याम की भव्य शाही यात्रा निकाली गई। शाही यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरा कस्बा बाबा श्याम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा।

- श्याम भक्तों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ लिया बाबा श्याम का आशीर्वाद, जगह-जगह यात्रा का स्वागत हुआ

शाही यात्रा का शुभारंभ विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात बाबा श्याम के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच यात्रा रवाना हुई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु बाबा श्याम के भजनों पर भाव-विभोर नजर आए। जगह जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया तथा बाबा श्याम के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान कस्बे का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

महिला-पुरुषों सहित युवाओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए श्याम नाम का गुणगान किया।

श्री श्याम अरदास परिवार की ओर से आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने कस्बे में भक्ति और आध्यात्मिकता का संदेश दिया।



श्री श्याम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कस्बे के लोगों ने श्रद्धा दिखाई।

अलवर जिला प्रमुख से लेकर अधिकतर प्रधान पदों पर कांग्रेस का दबदबा

अलवर। अलवर में जिला परिषद और पंचायत जिला पार्षद चुनावों ने भाजपा को सोचने पर मजबूर कर दिया है यहां जिला प्रमुख से लेकर अधिकतर प्रधानी पर कांग्रेस का दबदबा रहेगा। ग्रामीण सरकार के हुए चुनावों ने आने वाले विधानसभा चुनावों से लेकर लोकसभा चुनावों तक का खाका खेच दिया है अब लगने लगा है कि राजस्थान में सरकार बदलेगी लोगों का भाजपा से विश्वास उठ गया है। भाजपा को मिली करारी शिकस्त ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा नेता केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों को ग्रामीण क्षेत्रों तक नही पहुंचा पाए है जबकि केन्द्रीय भूपेन्द्र सिंह यादव ने जमकर विकास कार्य किए लेकिन भाजपा नेता उनके किए विकास कार्यो को इस चुनाव में नही भूना पाएं जो भाजपा के लिए अच्छे संकेत नही है।

- अलवर जिला परिषद में कांग्रेस ने 33 सीट जीती:बीजेपी सिर्फ 4 सीट ही जीत पाई

पंचायत समिति सदस्य चुनावों में भाजपा को अपना प्रधान कही दिखाई नही दे रहा है वही जिला परिषद चुनाव में भाजपा के एक नेता मूलचंद डीगवाल उभर कर सामने आए जो आने वाले चुनावों में सम्भवत कांग्रेस के प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली के सामने विधायक के लिए भाजपा के भावी उम्मीदवार हो सकते है।

अलवर में आज पंचायत राज चुनाव के वोटों की गिनती हुई। काउंटिंग सुबह 8 बजे बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज में शुरू हुई थी। पहले सभी 11 पंचायत समिति सदस्यों के वोटों की गिनती हुई। उसके बाद जिला परिषद सदस्यों के लिए वोटों की गिनती हुई। फिलहाल अलवर जिले की सभी 11 पंचायत समितियों में 220 सदस्य और जिला परिषद के 39 सदस्यों के रिजल्ट आ गए हैं। अब जीते हुए प्रत्याशी 11 प्रधान और 1 जिला प्रमुख का चयन करेंगे।

वहीं आज थानागाजी के वार्ड 1 और गोविंदगढ़ पंचायत समिति के वार्ड 11 में ईवीएम नहीं खुली। जिससे यहां एक-एक बूथ के वोटों की गिनती नहीं हो सकी। इन बूथों पर दोबारा वोटिंग कराई जाएगी। उसके बाद पूरा परिणाम घोषित किया जाएगा। यहां के दोनों वार्डों का रिजल्ट घोषित नहीं किया है।

बता दें कि पंचायती राज चुनाव के लिए अलवर जिले में दो चरणों में वोटिंग हुई थी। सरपंच के चुनाव परिणाम वोटिंग के दिन ही आ गए थे।

सार-समाचार

नौगांवा में आवारा कुत्तों का आतंक

अलवर। जिले के नौगांवा थाना क्षेत्र स्थित रघुनाथगढ़ कॉलोनी में आवारा कुत्तों के हमले की गंभीर घटना सामने आई है। यहां 13 वर्षीय बालिका सिफा पर करीब 20 आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। हमले में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए अलवर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। घायल बालिका के चाचा इरफान ने बताया कि सिफा घर से खेत की ओर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में अचानक करीब 20 कुत्तों ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। कुत्तों ने बालिका को कई जगह काटकर घायल कर दिया। अचानक हुए हमले से वह संभल नहीं सकी। घटना के बाद परिजनों ने क्षेत्र में आवारा कुत्तों और बंदरों की बढ़ती समस्या को लेकर जिला प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि इलाके में लंबे समय से आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक बना हुआ है। इस संबंध में शिकायतें किए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा पशुओं के कारण बच्चों और आमजन का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान करने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। फिलहाल घायल बालिका सिफा जिला अस्पताल में उपचाराधीन है। इस घटना के बाद क्षेत्र में आवारा कुत्तों की समस्या और आमजन की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता बढ़ गई है।

जिला परिषद चुनाव में कांग्रेस को 21 सीटों पर जीत, जिला प्रमुख बनाने का दावा

भरतपुर (निसं)। भरतपुर जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मिली सफलता के बाद कांग्रेस खेमे में खुशी का माहौल है। जिला परिषद के घोषित 31 वार्डों के परिणामों में कांग्रेस के 21 उम्मीदवार विजयी हुए हैं, जबकि भाजपा के 9 उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने पर पार्टी अपना जिला प्रमुख बनाएगी। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान के भरतपुर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सारस्वत एवं संगठन महासचिव संजय चंदेल ने कांग्रेस की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए इसे पार्टी के विकास कार्यों पर जनता की मुहर बताया। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि जनता ने कांग्रेस शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों पर विश्वास जताया है। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी, अशोक गहलोत, सचिन पायलट, गोविन्द सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली एवं महाराजा विश्वेन्द्र सिंह सहित पार्टी के समस्त वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही भरतपुर की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशियों को समर्थन देकर जो विश्वास जताया है, उसके लिए पार्टी सदैव आभारी रहेगी।

राज्यपाल माथूर ने डॉ. जसवंत यादव पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

अलवर। केरलम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर शुक्रवार को दिवंगत विधायक डॉ. जसवंत यादव के निवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने डॉ. जसवंत यादव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान राज्यपाल ने परिवार के सदस्यों से बातचीत की और डॉ. जसवंत यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत नेता के जीवन, सामाजिक सरोकारों और राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। मुलाकात के दौरान परिवार के सदस्यों ने भी राज्यपाल के साथ अपनी भावनाएं साझा कीं। इस अवसर पर वन राज्य मंत्री संजय शर्मा सहित स्थानीय राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अन्य लोग भी मौजूद रहे। सभी ने डॉ. जसवंत यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

खैरथल तिजारा में 3 निर्दलीय और 2 बसपा तय करेंगे जिला प्रमुख

खैरथल। जिले में पहली बार हुए जिला परिषद चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ है। 25 वार्डों के नतीजे में भाजपा और कांग्रेस बिल्कुल बराबर पर आकर अटकी हैं। दोनों को 10-10 सीटें मिली हैं। अब 3 निर्दलीय और 2 बसपा सदस्य ही तय करेंगे कि जिले का पहला जिला प्रमुख किस दल का होगा। बहुमत के लिए 13 का आंकड़ा चाहिए। भाजपा और कांग्रेस दोनों के पास 10-10 हैं। दोनों को 3 और सदस्यों की जरूरत है। ऐसे में 3 निर्दलीय - सोनम (वार्ड 15), अमिता (वार्ड 22), पूजा यादव (वार्ड 23) और 2 बसपा - अनिशा (वार्ड 19), हनीफ (वार्ड 20) किंगमेकर बन गए हैं। जो दल इन 5 में से 3 को साध लेगा, वही जिले का पहला जिला प्रमुख बनाएगा। खैरथल-तिजारा जिले की 6 पंचायत समितियों के 109 वार्डों के परिणाम में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनी है। तातारपुर में 1 परिणाम अभी लंबित है। कांग्रेस - 42:पंचायत समितियों में कांग्रेस सबसे आगे, किशनगढ़बास, तिजारा और टपूकड़ा में मजबूत।

सांसद संजना जाटव और विधायक रमेश खींची के रिश्तेदार हारे

अलवर। जिले की 11 पंचायत समितियों के चुनाव परिणामों ने कई राजनीतिक दिग्गजों के परिवारों की चुनावी रणनीति को झटका दिया है। मतगणना में सांसद संजना जाटव और कठूमर विधायक रमेश खींची के परिवार के प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। वहीं थानागाजी विधायक कांति मीणा की पुत्रवधू नेहा चुनाव जीतने में सफल रही। इन परिणामों ने जिले में परिवारवाद और राजनीतिक प्रभाव को लेकर नई चर्चा छेड़ दी है। कठूमर पंचायत समिति के चुनाव में विधायक रमेश खींची ने अपनी पुत्रवधू बिंदू और दीपिका को मैदान में उतारा था।

देवउठनी ग्यारस पर विधि-विधान से देव जगाए

पावटा। देवउठनी एकादशी (देवउठनी ग्यारस) का पर्व क्षेत्रभर में श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही घरों और मंदिरों में धार्मिक गतिविधियों का दौर शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर देवों को जगाया तथा परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। घरों में महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा की और मंगल गीत गाकर देवउठनी एकादशी की परंपरा निभाई।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। इस अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। कार्तिक शुक्ल एकादशी पर भगवान विष्णु के जागने के साथ ही चातुर्मास का समापन होता है। इसी दिन को देवउठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि देवों के जागने के साथ ही शुभ एवं मांगलिक कार्यों का शुभारंभ हो जाता है।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों के आंगन में रंगोली सजाई तथा गन्ने से मंडप बनाकर भगवान विष्णु और माता तुलसी की पूजा-अर्चना की। कई घरों में तुलसी-शालिग्राम विवाह का आयोजन भी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। पूजा के दौरान गन्ना, सिंघाड़ा, शकरकंद, बेर एवं मौसमी फलों का भोग लगाया गया। महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान से घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की।

विराटनगर विधानसभा की तीनों पंचायत समितियों में कांग्रेस को 34 सीटें, भाजपा 8 पर सिमटी

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र की तीनों पंचायत समितियों के चुनाव परिणाम सामने आने के बाद राजनीतिक तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। पावटा, विराटनगर और मेड-कुंडला पंचायत समितियों में कांग्रेस ने कुल 34 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा को 8 सीटों पर संतोष करना पड़ा। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी 5 सीटों पर जीत हासिल कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

- 49 वार्डों के नतीजे घोषित, कांग्रेस ने पावटा, विराटनगर और मेड-कुंडला में दर्ज की

पावटा पंचायत समिति के दो वार्डों का परिणाम फिलहाल रोक दिया गया है। तीनों पंचायत समितियों के घोषित परिणामों में कांग्रेस प्रत्याशियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में जीत दर्ज करते हुए अपनी स्थिति मजबूत की है। चुनाव परिणामों के बाद अब पंचायत समितियों में बोर्ड गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है। सभी दलों की नजरें निर्वाचित सदस्यों के समर्थन और आगामी राजनीतिक समीकरणों पर रहेंगी।

जयपुर में बिना सत्यापन संचालित पेट्रोल पंप पर कार्रवाई

जयपुर, 20 नवम्बर। उपभोक्ताओं को पेट्रोल एवं डीजल की निर्धारित मात्रा सुनिश्चित कराने तथा माप में अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से माननीय मंत्री सुमित गोदारा (उपभोक्ता मामले विभाग) के निर्देशानुसार विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेशभर में पेट्रोल पंपों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दिनांक 16 नवम्बर 2026 से 18 नवम्बर 2026 तक जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया गया। जयपुर जिले में अभियान के दौरान कृष्णा पेट्रोलियम, दूदू, चौधरी सर्विस स्टेशन, चाकसू तथा गोपाल पेट्रोलियम, चाकसू का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृष्णा पेट्रोलियम, दूदू का संचालन बिना वैध सत्यापन के किया जाना पाया गया। उक्त पेट्रोल पंप का अंतिम सत्यापन निर्धारित अवधि तक ही वैध था तथा वैध सत्यापन के बिना पेट्रोल पंप का संचालन किया जा रहा था। इस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप के नोजल सीज किए गए। इसके अतिरिक्त चौधरी सर्विस स्टेशन एवं गोपाल पेट्रोलियम, चाकसू पर जांच के दौरान चार नोजलों से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 5 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। इस पर संबंधित नोजलों को सीज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। जयपुर जिले में अभियान के दौरान कुल 33 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न अनियमितताओं के संबंध में कुल 44,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया। अजमेर: तीन पेट्रोल पंपों पर चार नोजलों से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति पर 27 से 30 मिलीलीटर तक कम मात्रा देना पाया गया। चार नोजल सीज कर 41,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

उदयपुर: दो पेट्रोल पंपों पर दो नोजलों से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 30 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। दो नोजल सीज कर 20,000 का जुर्माना लगाया गया। **जोधपुर:** दो पेट्रोल पंपों पर पांच नोजलों से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 30 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। पांच नोजल सीज कर 20,000 का जुर्माना लगाया गया।

दौसा: सूर्या फिलिंग स्टेशन, गढ़ दौसा पर एक नोजल से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 30 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। एक नोजल सीज कर 10,000 का जुर्माना लगाया गया।

पाली: भाटी हिंदुस्तान पेट्रोलियम पर एक नोजल से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 30 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। एक नोजल सीज कर 10,000 का जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान प्रदेशभर में कुल 179 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। अनियमितताएं पाए जाने पर 12 पेट्रोल पंपों के कुल 21 नोजल सीज किए गए तथा कुल 1,99,000 का जुर्माना लगाया गया। विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा स्पष्ट किया गया है।

भरतपुर में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिला

भरतपुर (निसं)। जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस खेमे में खुशी देखी जा रही हैं। आज जिला परिषद के घोषित चुनाव परिणाम में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने से लगता है कि कांग्रेस अपना जिला प्रमुख बना सकती है।जिला परिषद के घोषित 31 वार्डों में कांग्रेस के 21 उम्मीदवार विजयी हुए हैं वही भाजपा के 9 उम्मीदवार जीते हैं जबकि आरएलपी पार्टी को एक सीट मिलने के साथ ही पहली बार आरएलपी का खाता खुला है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा मतगणना स्थल पर अपने विजयी कांग्रेस उम्मीदवार वार्ड 27 से रेखा गुर्जर एवं वार्ड 24 से सुमन को शपथ दिलाने पंहुचे।

अलवर जिला परिषद में कांग्रेस का दबदबा, 39 में से 33 सीटों पर जीत

अलवर। जिला परिषद के चुनाव परिणामों में कांग्रेस को कुल 39 में से 33 सीटों पर जीत मिली है जबकि भाजपा 4 पर सिमट गई। 2 सीटे निर्दलीय प्रत्याशियों को मिली है। जिला प्रमुख की सीट एसटी महिला की होने के कारण अगर भाजपा चुनाव में उतरती है तो संतोष बन्नाराम मीणा के अलावा उसके पास कोई नहीं है। तीन अन्य पुरुष प्रत्याशी ही जीते है। कांग्रेस वार्ड 12 की ललिता मीणा, 16 की अनिता मीणा व 20 से सुमन पर दाव खेल सकती है। चुनाव का राजनीतिक विश्लेषण करे तो जिला परिषद का चुनाव पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्र का होता है इससे यह साफ हो गया है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह व राजस्थान में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली की ताकत बढ़ गई है। भाजपा नेता भूपेंद्र यादव सहित अन्य सभी पर सवाल खड़े हो रहे है कि क्या विकास के दावों को लोगों ने अस्वीकार कर दिया है।

- भाजपा को मिली 4 सीटें, दो वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी; कांग्रेस ने एकतरफा प्रदर्शन किया

परिणामों के अनुसार कांग्रेस ने जिला परिषद में स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। भाजपा को महज चार सीटों से संतोष करना पड़ा। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी दो वार्डों में जीत दर्ज कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। भाजपा के स्थानीय नेताओं की अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है जबकि कांग्रेस के स्थानीय नेता टीकाराम जूली ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि "सेमीफाइनल के नतीजे आ गए हैं और यही नतीजे फाइनल में भी रहेंगे।" उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनाव में सामने आ रहे परिणामों ने प्रदेश की राजनीतिक तस्वीर स्पष्ट कर दी है। अलवर सहित राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में कांग्रेस को मिल रहे समर्थन को उन्होंने जनता के भरोसे का प्रतीक बताया। जूली ने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद जिस तरह की नीतियां अपनाई हैं, उनका जवाब जनता चुनाव के माध्यम से दे रही है। उन्होंने दावा किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस को मिल रहा समर्थन इस बात का संकेत है कि जनता सरकार के कामकाज से संतुष्ट नहीं है।

जितेंद्र सिंह बोले-जनता ने दिया जनादेश से जवाब: पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्थान की जनता ने भाजपा की कथित तानाशाहीपूर्ण नीतियों का जवाब अपने जनादेश के माध्यम से दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और जब सरकार जनता की आवाज को नजरअंदाज करती है तो चुनाव के समय मतदाता अपना फैसला सुनाते हैं।

जितेंद्र सिंह ने अलवर में कांग्रेस को मिल रहे समर्थन का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायतीराज चुनाव में पार्